>

Title : Setting up of sewer treatment plant at Mugalsarai on river Ganges under Ganga Action Plan.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): सभापति महोदय, भारत सरकार ने गंगा नदी में प्रदूषण रोकने के लिये उसे राष्ट्रीय नदी घोषित करने का निर्णय लिया है।

सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश में चन्दौली में मुगलसराय नगरपालिका है। वहां रेलवे सैटलमेंट एरिया का एक गंदा नाला गंगा नदी में आकर मिल जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक सीवर ट्रीटमेंट प्लान भारत सरकार को बनाकर भेजा है। उस गंदे पानी को शुद्ध करने और उसे किसानों को सिंचाई के लिये दिया जाना है लेकिन भारत सरकार की तरफ से वह योजना लम्बित है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि जिस गंगा नदी को प्रदूषण से रोकने के लिये उसे राष्ट्रीय नदी घोषित किये जाने का निर्णय किया गया हो, उसमें इतने गंदे नाले का पानी जाये, यह अच्छी बात नहीं है। फिर उस पानी को शुद्ध करने के लिये सीवर ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर उसका पानी साफ करके किसानों को पहुंचाना हो, यह कार्य अविलम्ब होना चाहिये। अगर पानी साफ करके किसानों को सिंचाई के लिये दिया जाता है तो किसानों की पैदावार बढ़ेगी वरना उस गंदे पानी से विभिन्न प्रकार की बीमारियां - मलेरिया, डेंगू, कालाज़ार फैलेंगी। रेलवे सैटलमेंट ऐरिया भारत सरकार का संस्थान है। रेलवे परिसर में उसके पानी की निकासी के लिये नाला बनाया गया है और उसमें भी रेलवे का पानी जाता है. इसलिये मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि नाले का पानी निकालने के लिये सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का काम करे ताकि उस शुद्ध पानी का प्रयोग किसान खेती करने के लिये कर सकें और नदी को प्रदूषण से बचाया जा सके।